# रणजीत टाइम्स

वर्ष : 1, अंक: 89 इंदौर, सोमवार 3 मार्च 2025

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

DIGITAL EDITION


## GIS के लिए लगी लाखों की लाइट, आखिर किसने मारा इतना लंबा हाथ? जांच में जुटा नगर निगम



प्रवेश सिंह

**भोपाल।** 24-25 फरवरी को भोपाल में हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए प्रदेश प्रशासन ने मेहमानों की स्वागत में पुख्ता इंतेजाम किया था. भोपाल का हर गली-मोहल्ला चमक उठा था प्रशासन की तरफ से तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ा गया था बड़ा तालाब से लेकर vip रोड, हर जगह रौशनी से जगमगा रहा था, लेकिन प्रदेश में हुए इतने बड़े समिट में भी चोर अपने काम से बाज नहीं आए बताया जा रहा कि पूरे शहर से लाखों की लाइट्स चोरी हो गई हैं चोरी हुई लाइटों की कीमत लगभग 6 लाख रूपये बताया जा रहा है।

### इन जगहों से लाइटें गायब

बताय जा रहा कि भोपाल के प्रमुख इलाके यानी वीआईपी रोड, तकिया टापू, नानके से माता मंदिर रोड, कमला पार्क रोड, पोलिटेक्निक रोड और लिंक रोड नंबर-1 से सबसे ज्यादा लाइटें गायब हुई है. इन जगहों पर प्रशासन ने विशेष तौर पर सजावट की थी. जानकारी के मुताबिक, सिर्फ बड़ा तालाब के तकिया टापू पर 12-12 हजार रुपए की करीब 60 बड़ी-बड़ी कलर लाइट लगाई गई थीं।

### सजावट के लिए खर्च हुए करोड़ों रूपये

ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के लिए शहर भर में लगी लाइटें नगर निगम ने ठेके पर देकर लगवाईं थीं. बताया जा रहा कि पूरे शहर में सजावट के लिए नगर निगम ने 5 करोड़ से भी ज्यादा रूपये खर्च किए थे. शहर भर में लगी लाइटों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी नगर निगम के हाथो में ही थी लाइटों के चोरी होने के बाद अब जहां जहां सजावट हुई है उन जगहों की सुरक्षा के लिए नगर निगम ने 4 विशेष टीमें बनाई हैं जो GIS 2025 के दौरान किए गए कामों की निगरानी करेंगी. टीम चोरों सहित काम को नुकसान पहुंचाने वाले लोगो को पकड़कर उन्हें पुलिस के हवाले करेगी।

## Infinix Infotech कंपनी के एम्प्लॉयीज भी बने इंदौर पुलिस की साइबर पाठशाला के स्टूडेंट्स



### "हमेशा सतर्क व जागरूक रहकर ही हो सकता है, साइबर फ्रॉड से बचाव" सॉफ्टवेयर डेवलपर्स ने भी लिया ये ज्ञान।

**इंदौर।** वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये, इसके प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से, पुलिस कमिश्नर इंदौर के दिशा निर्देशन में इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में अति. पुलिस उपायुक्त क्राइम इंदौर श्री राजेश दंडोतिया ने टीम के साथ Infinix Infotech में पहुंचकर, सायबर अवेयरनेस के तहत कार्यशाला में वहां उपस्थित करीब 300 एम्प्लॉयीज को विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रॉड, फाइनेंशियल फ्रॉड और सोशल मीडिया से संबंधित अपराधों की जानकारी दी और साइबर अपराध होने पर साइबर हेल्पलाइन-1930, पोर्टल cybercrime.gov.in, इंदौर पुलिस की साइबर हेल्पलाइन 7049124445 आदि पर किस प्रकार शिकायत करें तथा पुलिस इन पर किस प्रकार कार्यवाही करती है और साइबर अपराधों से बचने के लिए किन बातों का ध्यान रखें आदि के संबंध में, व्यवहारिक ज्ञान दिया। उन्होंने सभी से कहा कि आप सभी तो इस नई तकनीकी दुनिया से रोज परिचित होकर और आगे ले जाने वाले हैं। आने वाले समय में और नई-नई तकनीके देखने को मिलेगी, तो हमें और नई चुनौतियां भी मिलेगी और उसका सामना हम जब ही कर सकते हैं जब हम सतर्क और जागरूक होंगे।

अतः आप लोगों का जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है तब ही आप दूसरों को भी इन खतरों से बचा पाएंगे।इस दौरान पुलिस टीम ने सभी को साइबर अवेयरनेस के पम्पलेट्स व स्टिकर्स भी दिए और सभी को साइबर जागरूकता लाने में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। इंदौर पुलिस द्वारा साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने के इस अभियान के तहत, यदि कोई स्कूल/कॉलेज, संस्थान, इकाई, कॉलोनी आदि में भी साइबर अवेयरनेस की कार्यशाला आयोजित करना चाहता है या कोई जानकारी चाहता है तो वह इंदौर पुलिस के नंबर 7587629846 पर संपर्क कर सकता है।

## महाशिवरात्रि पर ड्यूटी से गायब ACP को DCP ने दी ऐसी सजा, थाने छिन लिए गए

प्रवेश सिंह



भोपाल पुलिस कमिंश्नरेट में ड्यूटी पर गैरहाजिर रहने के कारण एसीपी अनीता प्रभा शर्मा के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। डीसीपी ने उनसे कोतवाली और तलैया थानों का प्रभार वापस ले लिया है। अब कोतवाली थाने का प्रभार शाहजहानाबाद एसीपी और तलैया थाने का प्रभाव हनुमानगंज एसीपी को मिला है। राजधानी में महाशिवरात्रि के दिन ड्यूटी से गायब रहने पर ACP अनीता प्रभा शर्मा पर बड़ी कार्रवाई हुई है। DCP रियाज इकबाल ने उनसे दो थानों, कोतवाली और तलैया, का कार्यभार वापस ले लिया है। यह घटना भोपाल पुलिस कमिश्नरेट में पहली बार हुई है, जब किसी ACP से इस तरह का कार्यभार वापस लिया गया हो। कार्रवाई की वजह शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में ACP की अनुपस्थिति बताई जा रही है।

### बस एक थाने की जिम्मेदारी

भोपाल में महाशिवरात्रि के दिन एक बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई देखने को मिली। शहर में निकलने वाली शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाली ACP अनीता प्रभा शर्मा ड्यूटी से गायब पाई गईं। इस लापरवाही के चलते DCP जोन 3, रियाज इकबाल ने उन पर कड़ी कार्रवाई करते हुए उनके दो थानों का चार्ज वापस ले लिया। अनीता प्रभा शर्मा के पास कोतवाली, तलैया और श्यामला हिल्स, तीन थानों की जिम्मेदारी थी। अब उनके पास सिर्फ श्यामला हिल्स थाने का कार्यभार बचा है।

### इतिहास में पहली बार ऐसी कार्रवाई

DCP रियाज इकबाल ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ACP अनीता प्रभा शर्मा से कोतवाली और तलैया थाने का कार्यभार वापस ले लिया। यह भोपाल पुलिस कमिश्नरेट के इतिहास में पहली बार हुआ है जब किसी ACP के खिलाफ इस तरह की सख्त कार्रवाई की गई हो। इससे पहले किसी भी ACP से थाने का कार्यभार वापस नहीं लिया गया था।

### उपाध्याय को मिली नई जिम्मेदारी

कोतवाली थाने की जिम्मेदारी अब शाहजहानाबाद के ACP निहित उपाध्याय को सौंपी गई है। वहीं, तलैया थाने का कार्यभार हनुमानगंज के ACP राकेश बघेल को दिया गया है।

# सभी समस्याओं का एकमात्र समाधान-सहजयोग



सर्वव्यापी शक्ति दुनिया में हर जगह मौजूद है और यह सच है। ईश्वर की इच्छा के बिना एक पत्ता भी नहीं हिलता। क्योंकि आपकी आत्मा के दर्शन के बाद ही आपको इस शक्ति का दर्शन होता है। और आप इस शक्ति को पहचानते हैं, आप इसे देखते हैं और जब यह आपके हाथों से बहने लगती है तो आप इसे पूरी गति दे सकते हैं। जब यह शक्ति आपके माध्यम से बहने लगती है, तो आप आश्चर्यचकित हो जाएँगे - आपकी मानसिक स्थिति और आपकी शारीरिक स्थिति बिल्कुल ठीक हो जाती है। सहज योग में बहुत कम लोगों को आत्मसाक्षात्कार के बाद डॉक्टर के पास जाने की जरूरत होती है। सभी को अच्छा स्वास्थ्य मिलता है। अगर मानसिक समस्याएँ हैं, तो वे भी दूर हो जाती हैं। इतना ही नहीं, घर की समग्र स्थिति भी बेहतर हो जाती है। हर चीज़ को हर तरफ से बेहतर होना ही है।अगर ईश्वर आपके अंदर रहने का फैसला करते हैं - तो आपके शरीर, आपके मन, आपकी बुद्धि को साफ करने की जरूरत होती है, तभी ईश्वर वहाँ निवास करते हैं। तो आइये परमात्मा के उस असीम प्रेम और आशीर्वाद को प्राप्त करने के लिए इस मूल शक्ति को सृष्टि के मूल उस ब्रहम से मिलाने के लिये आज ही सहजयोग से जुड़े। इस अनमोल अनुभव का आनंद प्राप्त करने के लिए और अपनी आत्मा का योग परमात्मा से घटित करने के लिए चलिये सहज योग से जुडते हैं, सहजयोग पूर्णतया व सदैव निशुल्क है, आप अपने आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइट www.sahajayoga.org.in पर देख सकते हैं।



# प्रशासन केन्द्रीय मंत्री के कहने पर भी नहीं दिलवा पाया पीडित को न्याय

## अपनी ही दुकान को पाने के लिए पिछले ढेड साल से भटक रहा

शिवपुरी। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने सांसदीय क्षेत्र शिवपुरी में बीती 8 फरवरी को मानव भवन में जन समस्या शिविर लगाया था जिसमें जिले भर के लोगो ने अपनी अपनी समस्याओ को लेकर शिविर में शिकायती आवेदन दिए थे सिंधिया ने करीब 175 आवेदनो की स्वंय ने सुनवाई की इसके बाद सभी लोगो से आवेदन लेकर कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी को सौप दिए खास बात यह है कि सिंधिया ने जो 175 आवेदनो की सुनवाई की थी उसमें 42 वे नम्बर पर तरुण भुगण पुत्र जोगराज भुगण का आवेदन था इस आवेदन में कोई खास शिकायत नहीं थी आवेदक ने अपनी दुकान को वापस दिलवाने के लिए आवेदन के माध्यम से सिंधिया तक शिकायत की थी क्योकि आवेदक पिछले ढेड साल से अपनी दुकान को वापस पाने के लिए जिला प्रशासन के कई अधिकारियो से गुहार लगा चुका था लेकिन फिर भी सुनवाई नहीं हुई थी केन्द्रीय मंत्री सिंधया ने तरुण के आवेदन को पढ कर कलेक्टर को दिया और कहा की चार पांच दिन में इसकी दुकान को दिलवा दिया जाए लेकिन प्रशासन ने मंत्री सिंधिया के बोलने के बाद भी पीडित को आज दिनांक तक दुकान नही दिलवाई।

तरुण भुगण मानव भवन के सामने बनी थोक सब्जी मंडी में इरशाद राईन के साथ कई सालो से व्यापार करते आ रहा था एक दिन इरशाद ने तरुण को दुकान से बहान निकाल दिया उस दिन से आज दिनांक तक तरुण प्रशासनिक अधिकारियो के पास शिकाते कर रहा है लेकिन न्याय नहीं मिला है खास बात यह है कि इरशाद राइन पर 94 व्यापारिया से 50-50 हजार रुपये करीब 47 लाख रुपये लेने के मामले में कोतवाली में धोखा धडी का केस दर्ज हुआ है। लेकिन ऐसे व्यक्ति से भी प्रशासन न्याय नही दिलवा पा रहा है।

---

गर्मी से पहले ही गहराने लगा

# जलसंकट

## हाथों में खाली बाल्टियां लेकर सड़क पर उतरी महिलाएं, जल समस्या का स्थाई समाधान की मांग

### थांदला के ग्राम पंचायत खवासा का मामला..

### खाली बर्तन लेकर पहुंचे नायब तहसील कार्यालय...

### हम हमारा हक मांगते नही किसी से भीख मांगते के नारे लगाए...




झाबुआ जिले के थांदला विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत खवासा में गर्मी शुरू होते ही संकट छाने लगा है जहां पीने के पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने अनोखा प्रदर्शन किया।

इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं ने मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन दिया। आप को बता दें कि दरअसल ग्राम पंचायत खवासा के रहवासी कई वर्षों से पानी की समस्या से जूझ रहे हे यह समस्या गर्मी के समय में विकराल रूप धारण कर लेती है इस बार गर्मी आते ही ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन किया। वही खाली स्टील के बर्तन बजाकर अनोखा प्रदर्शन किया। साथ ही छोटे बच्चे भी रैली में हाथ में बाल्टी लिए हुए चल रहे थे जहां ग्रामीणजन नायब तहसीलदार कार्यालय पहुंचे यहां उन्होंने नायब तहसीलदार पलकेश परमार को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि यहां पास से गुजर रही नर्मदा नदी की पाइप लाइन को उनके क्षेत्र तक लाकर गर्मी में सूखने वाले सिंचाई वाले तालाबों में डाला जाए। उनकी पानी की समस्या का हल निकल सकता है।इसके साथ ही महिलाओं ने स्वास्थ्य सेवा और बिजली की समस्याओं पर भी उठाएं सवाल...!

# 3 साल बाद हुआ जघन्य हत्याकांड का खुलासा

बलरामपुर जिले के कोरंधा पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी को ३ साल बाद सुलझाने में सफलता हासिल की है, इस जघन्य हत्याकांड की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है,तीनों आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद साक्ष्य छुपाने के मंशा से मृतक की शरीर के अलग-अलग हिस्सों में नौ टुकड़े कर दिए थे, और बोरी में भरकर दूर ले जाकर सड़क किनारे फेंक दिया था, और निर्भीक होकर गांव में ही रह रहे थे।




दरअसल पूरा घटनाक्रम जिले के कोरंधा थाना क्षेत्र इलाके के कर्राडाड है, जहां साल २०२२ के २७ फरवरी के दिन सड़क किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का लाश अनेक टुकड़ों व अधजली अवस्था में मिला था, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया था, मामले की सूचना जैसे ही कोरंधा पुलिस को लगी तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और मामले पर मर्ग कायम कर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना में जुट गई थी, पुलिस ने मृतक की पहचान पास के ही गांव भवानीपुर के रहने वाले कामिल साय के रूप में हुआ था,और हर पहलू से जांच कर रही थी फिर भी आरोपियों तक पहुंचने में सफलता हाथ नहीं लग पा रही थी, वही, अब जाकर इलेक्ट्रॉनिक तकनीक के माध्यम से आरोपियों तक पहुंचने में पुलिस सफल रही और हत्यारे भवानीपुर के ही रहने वाले हैं जो तीनों दोस्त हैं, पुलिस ने तीनों को अपने हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ किया तो घटना को अंजाम देना स्वीकार किया और बताया कि मटर खेत में जंगली सूअर फसाने के लिए नंगा तार लगाकर विद्युत प्रवाहित किया था जहां मृतक चपेट आने से मौत हो गई वही लाश को अन्य टुकड़ों में काटकर बुरे में भरकर टेंपो में लोड कर गांव से दूर फेंक कर वापस आ गए थे वहीं अब जाकर पुलिस ने इस अंधे काटने की गुटी को सुधारते हुए आरोपियों को पकड़ा और नई हिरासत पर जेल भेज दिया है।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में लोकतंत्र के नवयुग का शुभारंभ



## नगर पालिक निगम अंबिकापुर के नवनिर्वाचित महापौर एवं पार्षदों का भव्य शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

रायपुर। नगर पालिक निगम अंबिकापुर के नवनिर्वाचित महापौर एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आज अंबिकापुर में पीजी कॉलेज हॉकी स्टेडियम में संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने महापौर श्रीमती मंजूषा भगत और पार्षदों को 8-8 के समूह में शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि नगर निगम अंबिकापुर का यह शपथ ग्रहण समारोह जनता के विश्वास, लोकतांत्रिक मूल्यों और नगर के विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है।नगर सरकार 'अटल विश्वास पत्र' में किए गए सभी वादों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।उन्होंने कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ महापौर और पार्षदों को चुना है, वे उस पर खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा कि अंबिकापुर को स्वच्छ, स्मार्ट और समृद्ध नगर बनाने के लिए सभी को एकजुट होकर काम करना होगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएँ देते हुए नगर के विकास में पारदर्शिता और प्रभावी प्रशासन पर जोर दिया। इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री राम विचार नेताम, सरगुजा सांसद श्री चिंतामणि महाराज, अंबिकापुर विधायक श्री राजेश अग्रवाल, लुण्ड्रा विधायक श्री प्रबोध मिंज, छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष श्री विश्व विजय सिंह तोमर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# देवास में पूर्व भाजपा विधायक के बेटे ने पत्नी की प्रताड़ना से परेशान होकर खाया जहर



देवास में भाजपा के पूर्व विधायक के बेटे ने जहर खाकर सुसाइड की कोशिश की। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां उसकी हालत स्थिर है। उसके पास से चार पेज का सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें पत्नी पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। लिखा-कभी शादी मत करना। पूर्व विधायक सुरेंद्र वर्मा के मुताबिक, बेटे प्रमोद की शादी का 15 साल हो चुके हैं। शादी के एक साल बाद से ही पति-पत्नी के बीच विवाद शुरू हो गया था।

इंदौर में रहने का दबाव बना रही थी पत्नी - पत्नी ने दो बार महिला थाने में परिवार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। मामला कोर्ट में भी पहुंचा, लेकिन समाज के लोगों की मध्यस्थता से दोनों में समझौता हो गया था। इसके बाद पत्नी प्रमोद पर इंदौर में रहने का दबाव बना रही थी, जिसके लिए वह तैयार नहीं थे। कल रात झगड़े के बाद उठाया कदम विवाद को देखते हुए पूर्व विधायक ने मृदुल विहार में एक मकान खरीदकर दोनों को रहने के लिए दिया। लेकिन वहां भी विवाद जारी रहा। शुक्रवार रात को भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ। इसके बाद प्रमोद ने कीटनाशक खा लिया।

लिखा- बेटी बचाना-पढ़ाना बंद करो- चार पेज के सुसाइड नोट में प्रमोद ने उसकी पत्नी, सास, व दो सालों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पत्नी के महिला थाने में पूर्व में की गई शिकायत का भी जिक्र है। नोट के अंतिम पेज पर उसने पिता और मां से माफी मांगते हुए लिखा है कि मुझे माफ कर देना। मैं एक अच्छा बेटा, भाई व अच्छा पिता नहीं बन पाया। कभी शादी मत करना, यह जरूरी नहीं है।

• मैं अपना जीवन समाप्त कर रहा हूं। मेरी मौत की जिम्मेदार मेरी पत्नी, सास, साला है। जिन्होंने मुझे मानसिक रूप से काफी प्रताड़ित कर दिया है। मेरा विवाह 2009 में हुआ था। अपना आत्मसम्मान और स्वाभिमान बचाने के लिए लड़ना पड़ेगा। मैं एक अच्छे परिवार से हूं मेरे पिताजी विधायक रह चुके हैं। परंतु उन्होंने अपना जीवन सादगी और ईमानदारी से जीया। कभी भी अपने पद का दुरुपयोग नहीं किया। हमारा परिवार संयुक्त परिवार है। हम पूरे परिवार ने कभी जाने अंजाने में कभी किसी से दुश्मनी नहीं रखी।

• मेरा सरकार से कहना है कि बेटी बचाना-बेटी पढ़ाना बंद करो। यही कारण है इन्होंने कई घरों के चिराग बुझा दिए

# वायरल पुष्पा झुकेगा नहीं...

## भगवान की प्रतिमा पर चढ़े महाकुंभ वाले अघोरी की उज्जैन में लाठी-डंडों से पिटाई, 'भूत' उतरा तो जोड़ने लगा हाथ

प्रवेश सिंह

**उज्जैनः मध्य प्रदेश के उज्जैन में एक अघोरी की पिटाई हुई है। अघोरी तांत्रिक क्रिया वाले इलाके में भैरव जी की प्रतिमा पर चढ़कर रील बना रहा था। इस दौरान वहां के स्थानीय साधुओं ने कुटाई कर दी है। यह अघोरी लोगों को मारते हुए प्रयागराज महाकुंभ में भी वायरल हुआ था।**

पिटाई का अब वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इसके बाद वह माफी मांग रहा है। दरअसल, यह अघोरी प्रयाराज महाकुंभ में भी अश्लील हरकत करते हुए वायरल हुआ था। वह वीडियो में डॉयलॉग मारता था कि झुकेगा नहीं। अब उज्जैन में आकर आपत्तिजनक हरकत कर रहा था। इस दौरान लोगों ने जमकर कुटाई कर दी है। अघोरी शिप्रा नदी के तट पर विक्रांत भैरव क्षेत्र में पहुंचा। यह क्षेत्र तंत्र क्रिया के लिए प्रसिद्ध है। इस क्षेत्र में ज्यादातर तांत्रिक और अघोरी ही रहते हैं। ऐसे में यशवंत नाम का यह तथाकथित अघोरी यहां पहुंचा और मुंड भैरव की प्रतिमा के ऊपर चढ़ गया। यह वीडियो वायरल होने पर तांत्रिक व भक्तों में आक्रोश फैल गया।

### पुष्पा अब झुक गया



विक्रांत भैरव क्षेत्र के अघोरी और भक्तों ने इस तथाकथित अघोरी की लाठी डंडे से पिटाई कर दी। लहूलुहान हुआ अघोरी माफी मांगता दिखाई दिया। लोगों के कहने पर अघोरी ने फिर से पुष्पा फिल्म का डायलॉग बदलकर कहा कि पुष्पा अब झुक गया इस दौरान अघोरी यशवंत ने विक्रांत भैरव क्षेत्र में मौजूद भक्त और तांत्रिकों के सामने पूरी घटना बताई। उसने अपना परिचय दिया कि वह शाजापुर जिले का रहने वाला है। उससे गलती हुई है, अब ऐसा कृत्य जीवन में कभी नहीं करेगा। इसकी पिटाई का वीडियो अब वायरल हो रहा है। हालांकि पिटाई का यह मामला अभी तक पुलिस थाने नहीं पहुंचा ।

# राजनीति में रिटायरमेंट की वकालत करने वाले शख़्स जाने कौन है...



नेहरू मंत्रिमंडल से इस्तीफ़ा देने के बाद जब श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ बनाने की घोषणा की तो आरएसएस के सरसंघचालक एमएस गोलवलकर ने उनसे वादा किया कि मैं पार्टी चलाने के लिए आपको 'पाँच सोने के टुकड़े' दूँगा इस वादे के तहत पाँच आरएसएस नेताओं को नई पार्टी की मदद के लिए भेजा गया. ये नेता थे दीनदयाल उपाध्याय, सुंदर सिंह भंडारी, बापूसाहेब सोहनी, बलराज मधोक और नानाजी देशमुख अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी उस समय अनुभवी नेताओं में नहीं गिने जाते थे क्योंकि यह 1950 के दशक की बात है नानाजी को भारतीय जनसंघ में उत्तर प्रदेश की ज़िम्मेदारी मिली. उनके प्रयास से उत्तर प्रदेश में भारतीय जनसंघ के विधायकों की संख्या 1957 में 14 बढ़कर 1967 में 100 हो गई।

दूसरे दलों से गठबंधन के लिए पहल

नानाजी देशमुख की पहल से ही जनसंघ ने अपनी नीति में परिवर्तन करते हुए दूसरे दलों से चुनाव पूर्व गठबंधन किए. इसका नतीजा ये रहा कि 1967 के चुनाव के बाद जनसंघ ने संयुक्त विधायक दल का सदस्य बनकर कई राज्यों में सरकार में भागीदारी की नानाजी देशमुख का जन्म 11 अक्तूबर, 1916 को महाराष्ट्र के परभणी ज़िले के कडोली गाँव में हुआ था. डॉक्टर हेडगेवार से प्रभावित होकर वो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य बने. उनकी पढ़ाई पिलानी के बिड़ला कॉलेज में हुई वहाँ पर उन्होने संघ के प्रचार का काम शुरू किया. कॉलेज के संस्थापक घनश्याम दास बिड़ला ने उन्हें भोजन-आवास की सुविधा के अलावा 80 रुपए महीने पर अपना सहयोगी बनाने का प्रस्ताव दिया लेकिन नानाजी ने संघ के काम को प्राथमिकता देते हुए उस प्रस्ताव को नहीं माना। उन्होंने कभी शादी नहीं की. नानाजी की ख़ासियत थी समाज के विभिन्न वर्ग के लोगों के साथ उनका आत्मीय संपर्क. कूमी कपूर अपनी किताब 'द इमरजेंसी अ पर्सनल हिस्ट्री' में लिखती हैं, "नानाजी को जनसंघ और आरएसएस के सदस्यों के साथ उनके बीबी बच्चों तक के नाम याद थे. उन्होंने विनोबा भावे के भूदान आँदोलन में भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया था." जनसंघ के लिए धन इकट्ठा करने में नानाजी देशमुख की बड़ी भूमिका थी।

सत्तर के दशक से ही नानाजी टाटा, मफ़तलाल और नुस्ली वाडिया जैसे उद्योगपतियों के संपर्क में आ गए थे. नुस्ली वाडिया से तो वो साठ के दशक से ही संपर्क में आ गए थे.नुस्ली ने ही उन्हें जेआरडी टाटा से मिलवाया था. नुस्ली वाडिया ने ही सबसे पहले जनसंघ के अख़बार 'मदरलैंड' में 'बॉम्बे डाइंग' के विज्ञापन देने शुरू किए थे." सन 1974 में हुए बिहार आंदोलन में नानाजी देशमुख की सक्रिय भूमिका थी. उनके संगठनात्मक गुणों को देखते हुए जयप्रकाश नारायण ने उन्हें लोक संघर्ष समिति का सचिव नियुक्त किया 3 से 5 अक्तूबर, 1974 को बिहार बंद करवाया गया. इस बंद को सफल कराने के लिए नानाजी ने पूरे बिहार का दौरा किया सुब्रमण्यम स्वामी का मानना है कि यहाँ से अटल बिहारी वाजपेयी नानाजी देशमुख को अपने प्रतिद्वंदी के रूप में देखने लगे नानाजी को वाजपेयी की बिना मेहनत किए सुर्ख़ियाँ बटोरने की प्रवृत्ति नापसंद आने लगी. उन्होंने एक बार कहा भी, 'भीड़ हम लाते हैं, दरी हम बिछाते हैं, सारा श्रेय अटलजी ले जाते हैं.''

जेपी ने चार नवंबर को बिहार विधानसभा के घेराव की घोषणा की. नानाजी को पुलिस ने 30 अक्तूबर को सासाराम में बिहार निष्कासन का आदेश पकड़ा दिया "नानाजी डाकिए के वेश में आरएमएस के डिब्बे में पटना पहुंचे और बचते-बचाते गाँधी मैदान में जेपी की छाया की तरह चलने लगे. एक सीआरपीएफ़ के जवान की लाठी जेपी के सिर पर पड़ने ही वाली थी कि नानाजी कूद कर सामने आ गए. उन्होंने लाठी का वार अपने हाथों पर लिया जिससे उनके हाथ की हड्डी टूट गई. लेकिन जेपी बच गए. वो गिर गए. उनका सिर्फ़ पैर ज़ख़्मी हुआ."

25 जून, 1975 को रामलीला मैदान में विपक्षी नेताओं की रैली के बाद जब नानाजी देशमुख अपने घर लौट रहे थे तो उनके पास एक गुमनाम फ़ोन आया फ़ोन करने वाले ने उन्हें आगाह किया कि उस रात वो अपने घर पर न सोएं, वर्ना उन्हें गिरफ़्तार कर लिया जाएगा. इससे पहले कि वो और विवरण माँगते फ़ोन करने वाले ने फ़ोन रख दिया उन्होंने वो रात अपने शिष्य डॉक्टर जेके जैन के वीपी हाउस के फ़्लैट पर बिताई. सुबह-सुबह वो जेपी से मिलने पालम हवाई अड्डे निकल गए जहाँ से जेपी पटना वापस जाने वाले थे वहाँ पर एक शख़्स ने नानाजी के पहचान लिया. उसने उनसे पूछा, जेपी को गिरफ़्तार कर लिया गया है. आप को अब तक हिरासत में क्यों नहीं लिया गया? नानाजी तुरंत वीपी हाउस लौटे उन्होंने डाक्टर जैन को जगाकर कहा, हमें यहाँ से तुरंत निकलना है। उसी समय उनके पास मदनलाल खुराना का फ़ोन आया जिन्होंने कहा कि उन्हें तुरंत भूमिगत हो जाना चाहिए. इसके बाद नानाजी देशमुख लगातार घर बदलते रहे और एक स्थान पर एक दिन से अधिक नहीं रुके." नानाजी देशमुख एक उद्योगपति की दी गई सफ़ेद फ़िएट कार पर पूरे देश में घूम-घूम कर सरकार विरोधी गतिविधियों को हवा देते रहे. उन्होंने अपना धोती-कुर्ता त्याग कर ढीला सफ़ारी सूट पहनना शुरू कर दिया. उन्होंने अपने सिर के बाल कटवा दिए. अपनी मूछों को काला कर लिया और गोल रिम वाला चश्मा पहनना शुरू कर दिया वो कार से दिल्ली से बंबई गए जहाँ उन्होंने अपने पुराने मित्रों से संपर्क किया लेकिन कुछ दिनों बाद नानाजी देशमुख को गिरफ़्तार कर लिया गया

वो पूरे दो महीने भूमिगत रहे थे लेकिन पकड़े जाने से पहले उन्होंने अंडरग्राउंड नेटवर्क बना दिया था देशमुख को पहले तिहाड़ जेल में रखा गया. वहाँ से उन्हें अंबाला जेल ले जाया गया सन 1977 में लोकसभा चुनाव की घोषणा के तीन दिन बाद ही जनसंघ, लोकदल, संगठन कांग्रेस और सोशलिस्ट पार्टी का विलय कर जनता पार्टी का गठन किया गया. शुरू में मना करने के बावजूद जयप्रकाश नारायण के आग्रह पर नानाजी देशमुख ने बलरामपुर से चुनाव लड़ा और कांग्रेस की उम्मीदवार और बलरामपुर की रानी को भारी अंतर से पराजित किया मोरारजी देसाई नानाजी देशमुख को अपने मंत्रिमंडल में लेना चाहते थे लेकिन नानाजी ने इस पेशकश को अस्वीकार करते हुए मध्य प्रदेश के नेता ब्रजलाल वर्मा को अपनी जगह मंत्री पद के लिए नामांकित करवाया।

जैसे-जैसे जनता पार्टी में सत्ता की लड़ाई बढ़ी, नानाजी देशमुख की खिन्नता बढ़ती गई. इस माहौल से तंग आकर उन्होंने जनता पार्टी के 60 साल की उम्र पार कर चुके नेताओं को राजनीति से अलग होने और युवा नेताओं को सत्ता सौंपने की सलाह दी आठ अक्तूबर, 1978 को जेपी की मौजूदगी में पटना में उन्होंने सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा कर दी. जब सन 1980 में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई तो उसके मंच पर उनकी अनुपस्थिति को पार्टी में पार्टी में उभर रहे मतभेद के तौर पर देखा गया, हालांकि लालकृष्ण आडवाणी ने इसका ज़ोरदार खंडन किया उन्होंने उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित चित्रकूट को अपनी कर्मभूमि बनाया वो ग्रामीण शिक्षा स्तर में सुधार लाना चाहते थे इसलिए उन्होंने चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय की स्थापना की. ये भारत का पहला ग्रामीण विश्वविद्यालय था स्वाबलंबन,शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ-साथ आध्यात्मिक विकास को भी उतना ही महत्व दिया. उन्होंने चित्रकूट ज़िले के गाँवों को मुक़दमेबाज़ी से मुक्त कराने के लिए अनोखी योजना आरंभ की. उन्होंने पीढ़ी-दर-पीढ़ी मुक़मेबाज़ी में फंसे परिवारों को समझा-बुझाकर आपस में बैठकर अदालत से बाहर मामला सुलझाने का अभियान चलाया. उनके प्रयास से करीब 500 गाँव विवादमुक्त श्रेणी में आ गए." उन्हें सन 1999 में राज्यसभा का सदस्य मनोनीत किया गया. समाज सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को देखते हुए उन्हें पहले पद्मविभूषण और सन 2019 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया दो बार सांसद रहते हुए उन्होंने कभी सरकारी आवास नहीं लिया. उन्होंने हमेशा सांसदों का वेतन बढ़ाए जाने का विरोध किया और जब उन्हें इसमें कामयाबी नहीं मिली तो उन्होंने बढ़ी हुई रकम प्रधानमंत्री सहायता कोष में दान कर दी. उन्होंने सांसद निधि का पूरा पैसा चित्रकूट के विकास में लगाया. वो जीवन भर लिखने-पढ़ने का काम करते रहे. जब उनकी आँखों ने उनका साथ छोड़ दिया और उन्हें लिखने में परेशानी होनी लगी, तब भी वो बोलकर लिखवाया करते थे निधन से पहले उन्होंने हलफ़नामा देकर अपने शरीर को चिकित्सा कार्य के लिए सौंप दिया था 27 फ़रवरी, 2010 को 93 वर्ष की आयु में उन्होंने इस संसार से विदा ली।

# कर्मचारी भाजपा कार्यकर्ता बनकर काम कर रहे हैं: विधायक के जन्मदिन पर नगरपालिका के सौजन्य से लगे होर्डिंग, कांग्रेस का प्रदर्शन

बीना। विधायक निर्मला सप्रे के जन्मदिन पर नगर पालिका की ओर से लगाए गए होर्डिंग्स को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस ने इस मामले को लेकर नगर पालिका पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग ठाकुर ने कहा कि नपा कर्मचारी भाजपा कार्यकर्ताओं की तरह काम कर रहे हैं। कुछ दिन पहले भाजपा जिला अध्यक्ष के आगमन पर भी नपा कर्मचारियों ने शहर में भाजपा के झंडे लगाए थे। कांग्रेस का आरोप है कि नगरपालिका एक शासकीय संस्था की बजाय राजनीतिक संस्था बन गई है। पार्षद सरकारी गाड़ियों का निजी इस्तेमाल कर रहे हैं। शहर में सफाई व्यवस्था बिगड़ी हुई है, लेकिन जनप्रतिनिधि उत्सव मनाने में व्यस्त हैं। विरोध प्रदर्शन के






दौरान जब कोई अधिकारी ज्ञापन लेने नहीं आया, तो कांग्रेस नेताओं ने नगर पालिका की दीवार पर ही ज्ञापन चिपका दिया। बाद में स्थापना शाखा प्रभारी राकेश मैना ने ज्ञापन लिया। लेकिन जब उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया तो उन्होंने जवाब देने में असमर्थता जताई। जैसे ही कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन की जानकारी लगी होर्डिंग में से नगर पालिका सौजन्य वाली लाइन फाड़कर हटा दी गई। इस मामले में जब नगर पालिका अधिकारी को फोन लगाया गया तो उनका नंबर स्विच ऑफ आया , अभी नगर पालिका का पक्ष आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

# डीईओ धार आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के आदेशों की उड़ा रहे धज्जियां








**राजेश धाकड़**

मध्यप्रदेश का धार जिला पिछड़ेपन की ओर क्यों बढ़ रहा है, इसका एक बड़ा कारण यहां के शिक्षा विभाग में बैठे अधिकारी और कर्मचारी हैं, जो केवल लालच और कामचोरी के भरोसे बैठे हैं। इसका ताजा उदाहरण जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) लक्ष्मण देवड़ा का एक शिक्षक पर कार्रवाई करने में हीलाहवाली करना है।

## क्या है पूरा मामला?

धार जिले में तीन से अधिक संतान होने के आधार पर एक शिक्षक पर शिकायत की गई थी। इस शिकायत के बाद 21 अगस्त 2024 को ब्लॉक स्तर पर जांच कराई गई, जिसमें पाया गया कि शिक्षक अनिल जैन की तीन से अधिक संतानें हैं। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि अनिल जैन की नियुक्ति 1997 में 'गुरुजी' पद पर हुई थी, जबकि 2015-16 में संविदा के आधार पर प्राथमिक शिक्षक के रूप में उनकी नियुक्ति हुई। इस मामले में 6 सितंबर 2024 को धार जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा लोक शिक्षण संचालनालय से मार्गदर्शन मांगा गया। मार्गदर्शन मिलने के बाद संचालनालय ने स्पष्ट किया कि जिला स्तर पर ही प्राथमिक शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। लेकिन इसके बावजूद अब तक जिला शिक्षा अधिकारी लक्ष्मण देवड़ा कार्रवाई करने से बचते नजर आ रहे हैं।

## कार्रवाई में देरी क्यों?

डीईओ धार की इस कार्रवाई में देरी पर सवाल उठ रहे हैं। पहले ही अक्टूबर 2024 में जांच पूरी हो चुकी थी और भोपाल से मार्गदर्शन भी मिल चुका था, फिर अब राज्य शिक्षा केंद्र से मार्गदर्शन मांगने की क्या जरूरत पड़ गई? इससे साफ झलकता है कि जिला शिक्षा अधिकारी लक्ष्मण देवड़ा मामले को जानबूझकर लटका रहे हैं और शिक्षक को बचाने का प्रयास कर रहे हैं।

## क्या छुपा रहे हैं डीईओ धार?

मामले में जिला शिक्षा अधिकारी की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जांच रिपोर्ट में सबकुछ साफ होने के बावजूद बार-बार मार्गदर्शन मांगना यह संकेत देता है कि कहीं न कहीं जिला शिक्षा अधिकारी का कोई निहित स्वार्थ इस मामले से जुड़ा हुआ है। अगर शिक्षा विभाग के अधिकारी ही नियमों की अनदेखी करेंगे, तो जिले की शिक्षा व्यवस्था का स्तर कैसे सुधरेगा? अब देखना होगा कि उच्च अधिकारी इस मामले में क्या कार्रवाई करते हैं और क्या डीईओ धार को जवाबदेह ठहराया जाता है या नहीं।

# बलाई महासंघ जिला अध्यक्ष लक्ष्मण खेड़े वह कविता पति नितिन चौहान ने पुलिस महानिरीक्षक ग्रामीण क्षेत्र को ज्ञापन दिया



इंदौर ग्रामीण क्षेत्र कविता चौहान ने बताया कि मेरे पति की 20 02 2025 को बुरे तरीके से हत्या कर दी गई जिस पर थाना बरगोड़ा 21 2 2025 को धारा 103 बीके तहत मामला दर्ज किया गया जिसमें पुलिस द्वारा पांच आरोपियों को पकड़ा गया आरोपियों से पूछताछ के दौरान आरोपियों ने मेरे पति नितिन चौहान के ऊपर एक महिला को टिप्पणी करने के चलते साजिश रच कर हत्या करना कबूला मेरे पति नितिन चौहान एक सीधे-साधे व्यक्ति थे उनके द्वारा किसी भी प्रकार का विवाद नहीं किया गया आरोपी द्वारा सच को छुपाने का प्रयास किया जा रहा है मेरे पति आईसीडी डिपो कंटेनर कंपनी में नौकरी करते थे वहां कंटेनर में लाखों रुपए की चोरी होती रहती थी मुझे और मेरे परिवार को शंका है कि मेरे पति चोरी का पर्दा फास्ट करने वाले थे इसलिए उनकी हत्या कर दी गई मेरे पति को नौकरी से भी निकल गया था और कंपनी के कर्मचारी धमकी भी दी गई थी अतः श्रीमान आपसे निवेदन है कि उपरोक्त तत्वों को प्रकाश में लाएं पुलिस थाना बरगोड़ा में दर्ज अपराध की जांच पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कराई जाए।

## भंडारे में सेव नहीं देने पर कर दी हत्या

शहर के परदेसी पुरा थाना क्षेत्र में 3 युवकों ने मिलकर एक युवक की निर्मम तरीके से हत्या कर दी. परिजनों का आरोप है की कुलकर्णी भट्टा में रहने वाले धर्मेंद्र के घर के पास ही रहने वाले अभिषेक, आकाश और एक अन्य युवक ने चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया. इससे धर्मेंद्र की मौत हो गई. परिजनों के अनुसार क्षेत्र में भंडारा चल रहा था. इस दौरान धर्मेंद्र अपने भाई और खुद के लिए सेव लेकर आया था. इसी दौरान अभिषेक और अन्य लोगों ने सेव मांगा. सेव देने से मना करने पर विवाद हो गया।

## इंदौर में कल से दो रुपये महंगा हुआ दूध

**इंदौर में दूध के दाम में दो रुपये प्रति लीटर की वृद्धि हुई है। यह वृद्धि आज से लागू हुई है और अगस्त तक प्रभावी रहेगी। इंदौर दूध विक्रेता संघ और मप्र दुग्ध व्यवसायी संघ ने दाम बढ़ाने की घोषणा की है। दुकानों पर दूध की बिक्री 62 रुपये प्रति लीटर के दाम पर और बंदी का दूध 60 रुपये प्रति लीटर के हिसाब से मिलेगा।**

## खेती का न्यायप्रविष्ट मामला किसान को देने का लालच देकर अधिकारी ने 20 लाख रुपये की की उगाही

### टायटल किसान अधिकारी पर मामला दर्ज करने की माँग को लेकर पिछले 25 दिन से अनशन पर कार्यालय अधीक्षक अब्दागिरे के खिलाफ भाजपा नेता विजय वरपुडकर ने ली प्रेस वार्ता



पीड़ित किसानों ने मामला दर्ज करने की मांग की कार्यालय अधीक्षक ने सैकड़ों किसानों से करोड़ों रुपये की उगाही की है... जिला उपपंजीयक कार्यालय के कार्यालयीन अधिक्षक पीड़ित किसान पिछले 24 दिनों से अपनी पत्नियों के साथ तत्काल कार्यालय अधीक्षक के खिलाफ भूख हड़ताल पर बैठे हैं।

इस मामले में जिला उपपंजीयक कार्यालय के तत्काल कार्यालय अधीक्षक अब्दागिरे ने मध्यस्थ दलाल जनार्दन गुंजकर के हाथों किसान से 20 लाख रुपये की उगाही की. परभणी, जिला उपपंजीयक परभणी इस मामले में अब एक अलग मोड़ आ गया है, परभणी जिला भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय वरपुडकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर जिला उपपंजीयक कार्यालय के भ्रष्ट अधिकारी का पर्दाफाश किया है बता दें की इस मामले मे अगर खुलासा हुआ तो जिले के सैंकडों किसानों से इस भ्रष्ट अधिकारी ने करोंडों रुपये लुटने का मामला सामने आ सकता है।

## बजरंग दल ने पकड़े गोवंश से भरे 6 ट्रक, हंगामे के बीच भाजपा नेता को सुनाई खरी-खरी



इंदौर के बाणगंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत अरविंदो हॉस्पिटल के पास बरौली टोल पर देर रात बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने गोवंश तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। बजरंग दल के इंदौर विभाग संयोजक प्रवीन देरकर ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि छह से अधिक गुजरात पासिंग ट्रकों में गौवंश को वध के लिए ले जाया जा रहा है।

### घेराबंदी कर पकड़े गए ट्रक

प्रवीण देरकर के अनुसार, सूचना मिलते ही बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने ट्रकों की घेराबंदी करनी शुरू कर दी। जब कुछ ट्रकों को रोकने का प्रयास किया गया, तो वे तेज रफ्तार से भागने लगे। लेकिन अरविंदो टोल टैक्स के पास बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने दो ट्रकों को पकड़ लिया, जबकि पीछे आ रहे चार अन्य ट्रकों को भी रोक लिया गया। ट्रकों की तलाशी लेने पर उनमें पशुओं को ठूंस-ठूंस कर भरा हुआ पाया गया। यह देख बजरंग दल कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए। इसी दौरान वाहन चालकों के साथ उनकी झड़प भी हुई।

### भाजपा नेता से हुई नोकझोंक

घटना के दौरान एक भाजपा नेता, जिनकी गाड़ी पर "टीम चिंटू भैया सिलावट" का नेम प्लेट लगा था, मौके पर पहुंचे और खुद को सरपंच बताते हुए बजरंग दल कार्यकर्ताओं से कार्रवाई न करने की अपील करने लगे। उन्होंने दावा किया कि ये सभी गोवंश डेयरी फार्म पर पालन के लिए ले जाए जा रहे थे। लेकिन बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने उनकी बात मानने से इनकार कर दिया और उन्हें खरी-खोटी सुनाई।

### पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित किया। बजरंग दल कार्यकर्ताओं की शिकायत पर बाणगंगा पुलिस ने ट्रकों के चालकों—धीरू, भरत दाना, फाल्गुन, जयेश, भरत और राहुल—के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। घटना के समय विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## सिंगरौली में नर्स ने खौफनाक तरीके से किया सुसाइड!

सिंगरौली : सिंगरौली जिले के विंध्यनगर थाना क्षेत्र के बनौली क्षेत्र अभेद आश्रम के पास रहने वाली 22 साल की नर्स ने सुसाइड कर लिया. आसपास के लोगों ने देखा कि उसके घर के कमरे से धुआं निकल रहा है. वहीं से थोड़ी दूर पर खेत में काम कर रहे माता-पिता घर पहुंचे तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला. जब दरवाजा खोलने का प्रयास किया तो वह नहीं खुला. दूसरी तरफ से पड़ोस के घर से सीढ़ी लगाकर पीछे की तरफ खिड़की से अंदर जाकर देखा तो सभी अवाक रह गए। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की. पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना का कारण स्पष्ट हो पाएगा. फिलहाल पुलिस हर एंगल से घटना की जांच कर रही है. सुसाइड करने वाली नर्स नेहरू शताब्दी चिकित्सालय नर्स थी. नर्स ने सुसाइड क्यों किया, इस बारे में पुलिस को कोई कारण पता नहीं चला है. युवती के माता-पिता भी कुछ बताने की स्थिति में नहीं हैं. वहीं, आसपास के जान-पहचान वाले भी इस दुखद घटना से अवाक हैं। नर्स एनसीएल के नेहरू शताब्दी चिकित्सालय में काम करती थी. पुलिस का कहना है कि उसके साथ काम करने वाले स्टाफ से कुछ सुराग लेने का प्रयास किया जाएगा. वैसे अभी तक किसी ने कुछ भी नहीं बताया. युवती किस बात को लेकर हताशा में थी, पहले इसकी जानकारी लेने की कोशिश की जा रही है. इसमें कोई साजिश भी हो सकती है. इस बारे में भी पुलिस हरेक एंगल से बारीकी से पड़ताल करने में जुटी है।



फुटपाथ पर आया BRTS की i-बस का टिकिट काउंटर !

# शेफाली वर्मा की तूफानी पारी ने आरसीबी को किया पस्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय बल्लेबाज शेफाली वर्मा पिछले कुछ महीनों से टीम इंडिया से बाहर हैं। हालांकि महिला प्रीमियर लीग में अपने नियमित प्रदर्शन से उन्होंने फिर से टीम इंडिया के दरवाजे पर दस्तक दे दी है। शनिवार को शेफाली ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए तूफानी पारी खेली। आरसीबी के खिलाफ शेफाली के बल्ले से 80 रन निकले। वह अब तक सात मैचों में 43.33 के औसत से 260 रन बना चुकी हैं। वह लीग में भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं।

## दिल्ली ने आरसीबी को दी मात

मैच की बात करें तो शेफाली वर्मा और जेस जोनासेन के विस्फोटक अर्धशतकों से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 27 गेंद रहते नौ विकेट से हराकर जीत की लय जारी रखी। पिछले मैच में मुंबई इंडियंस को नौ विकेट से करारी शिकस्त देने वाली दिल्ली कैपिटल्स के लिए शेफाली और जोनासेन ने दूसरे विकेट के लिए महज 77 गेंद में 146 रन की अटूट साझेदारी निभाकर आसान जीत दिलाई।



## शेफाली की तूफानी पारी

शेफाली ने अपनी तेज तर्रार पारी के लिए 43 गेंद खेली जिसमें आठ चौके और चार छक्के जड़े थे। वहीं जोनासेन ने भी उनका अच्छा साथ निभाते हुए 38 गेंद में नौ चौके और एक छक्के से नाबाद 61 रन बनाये। दिल्ली कैपिटल्स ने कप्तान मेग लैनिंग (02) के रूप में एकमात्र विकेट गंवाया। आरसीबी ने एलिस पैरी (नाबाद 60 रन) की अर्धशतकीय पारी से पांच विकेट पर 147 रन का स्कोर खड़ा किया। दिल्ली कैपिटल्स ने शेफाली और जोनासेन की मदद से यह लक्ष्य 15.3 ओवर में एक विकेट पर 151 रन बनाकर हासिल कर लिया। इस तरह आरसीबी का हारने का सिलसिला जारी रहा, यह उसकी लगातार चौथी शिकस्त है।

## पैरी का अर्धशतक गया बेकार

इससे पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद पैरी ने आरसीबी को शुरुआती झटकों से उबारते हुए सत्र का चौथा अर्धशतक जड़ा। उन्होंने 47 गेंद में तीन छक्के और इतने ही चौके से 60 रन की पारी खेली। पैरी के अलावा राघवी बिष्ट ने 33 रन का योगदान दिया जिसके लिए उन्होंने 32 गेंद में दो छक्के जमाये।

ऑस्ट्रेलिया की अनुभवी खिलाड़ी पैरी ने इंग्लैंड की डानी वाट होज (21 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 44 रन और राघवी के साथ 68 रन की साझेदारी निभाकर आरसीबी की पारी मजबूत की। इस पारी से पैरी इस साल की डब्ल्यूपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बन गईं, उन्होंने छह मैच में 98.33 के औसत से 295 रन बना लिए हैं। डानी वाट होज ने एक छक्के और दो चौके से 18 गेंद में 21 रन बनाये। दिल्ली कैपिटल्स के लिए शिखा पांडे और श्री चरानी ने 28-28 रन देकर दो दो विकेट झटके। मारिजाने काप ने नयी गेंद से कसी गेंदबाजी करते हुए 18 रन देकर एक विकेट लिया। दिल्ली कैपिटल्स की टीम अंकतालिका में पहले स्थान पर है। मुंबई इंडियंस की टीम पांच मैचों में तीन जीत और दो हार के साथ दूसरे नंबर पर है।



# मैंने वेट्रेस के तौर पर काम किया

## गुजरात जायंट्स की ऑलराउंडर का खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुजरात जायंट्स की इंग्लिश ऑलराउंडर डेनियल गिब्सन ने खुलासा किया कि वह पूर्णकालिक क्रिकेटर बनने से पहले वेट्रेस के तौर पर काम करती थीं, हालांकि उन्हें यह पसंद नहीं था।

गिब्सन ने पैसे कमाने के लिए एक स्थानीय पब में वेट्रेस के तौर पर काम किया। उन्होंने डब्ल्यूपीएल 2025 मिनी-नीलामी में जायंट्स से 30 लाख रुपए का अनुबंध हासिल किया। गिब्सन ने 22 टी20आई में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व किया है। हालांकि वह महिला प्रीमियर लीग में अपना व्यापार करके अच्छी खासी कमाई कर रही हैं, लेकिन हमेशा से ऐसा नहीं था।गिब्सन ने रैपिड-फायर सेशन के दौरान बोलते हुए कहा, मैंने इंग्लैंड में एक पब में वेट्रेस के तौर पर काम किया। मुझे इसमें मजा नहीं आया। उसी वीडियो में गिब्सन ने बताया कि पहली बार वह 18 साल पहले लॉर्ड्स में लाइव क्रिकेट मैच देखने गई थी, जब वह सिर्फ छह साल की थी।

उसने आगे बताया कि वह अपने भाइयों को टूर्नामेंट के फाइनल में खेलते हुए देखने गई थी। जब गिब्सन से उनके पहले क्रिकेट हीरो के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने इंग्लैंड के

# श्रेया घोषाल का एक्स अकाउंट हैक

## फैंस को दी चेतावनी



**मशहूर** गायिका श्रेया घोषाल ने अपने प्रशंसकों को जानकारी दी है कि उनका एक्स अकाउंट 13 फरवरी से हैक हो गया है। उन्होंने फैंस को अकाउंट पर किए गए किसी पोस्ट या मैसेज या लिंक पर ध्यान न देने को लेकर चेतावनी भी दी है। शनिवार को उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में बताया कि कई कोशिशों के बावजूद वह अपना अकाउंट वापस नहीं ले पाई हैं।

अपनी पोस्ट में उन्होंने लिखा, सभी प्रशंसकों और दोस्तों को नमस्कार। मेरा एक्स अकाउंट 13 फरवरी से हैक हो गया है। मैंने एक्स टीम से संपर्क करने की हर संभव कोशिश की, लेकिन सिर्फ कुछ ऑटो-जवाब ही मिले, कोई मदद नहीं मिली। अब मैं अपने अकाउंट में लॉगिन भी नहीं कर सकती और न ही इसे डिलिट कर सकती हूं। कृपया उस अकाउंट से आने वाले किसी भी लिंक पर क्लिक न करें और न ही किसी मैसेज पर भरोसा करें। ये सभी फर्जी और धोखाधड़ी वाले लिंक हैं।

अगर मेरा अकाउंट वापस मिल जाता है और सुरक्षित होता है, तो मैं खुद वीडियो के जरिए इसकी जानकारी दूंगी। इस बीच, श्रेया घोषाल हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मोटापे के खिलाफ मुहिम का समर्थन करने को लेकर चर्चा में रहीं। उन्होंने एक वीडियो साझा कर कहा, हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एंटी-ओबेसिटी (मोटापा विरोधी) अभियान शुरू किया है। यह बहुत जरूरी है, क्योंकि हमारा देश तेज़ी से आगे बढ़ रहा है और वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है। इसके लिए हमें अपनी सेहत पर ध्यान देना होगा। आइए, सही खान-पान अपनाने की शपथ लें, तेल और चीनी का सेवन कम करें, पोषण से भरपूर और मौसमी भोजन खाएं, और बच्चों को भी पौष्टिक आहार दें। अच्छी सेहत ही असली संपत्ति है।

इसलिए, छोटे-छोटे बदलाव करके हम देश में बड़ा असर ला सकते हैं। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, मुझे एंटीओबेसिटी फाइटओबेसिटी अभियान का हिस्सा बनने पर गर्व है, जो हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में एक संतुलित जीवनशैली को बढ़ावा दे रहा है। आइए, एक स्वस्थ भारत की ओर कदम बढ़ाएं, क्योंकि यही हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ी विरासत होगी। 24 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी ने फिल्म जगत से अभिनेता मोहनलाल, आर. माधवन, निरहुआ और गायिका श्रेया घोषाल को इस अभियान में शामिल होने के लिए नामांकित किया।

# दिल्ली में बदला मौसम, कश्मीर-हिमाचल में बर्फबारी





**नईदिल्ली, एजेंसी।**
मौसम ने उत्तर भारत में एक बार फिर करवट ली है। पहाड़ी राज्यों का मौसम पूरी तरह बदला हुआ है। आईएमडी ने हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश और बिहार के कई जिलों में बारिश का अनुमान लगाया है। इसके साथ ही कुछ राज्यों में ओलावृष्टि की संभावना है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में एक बार फिर बर्फबारी ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। मौसम विभाग ने पहाड़ों पर आज भी बर्फबारी की संभावना जताई है।

**तमिलनाडु में हो रही बारिश:** तमिलनाडु के अलग-अलग हिस्सों में रात से ही भारी बारिश हो रही है। दिल्ली-एनसीआर में बारिश की संभावना है। आईएमडी के मुताबिक, दिल्ली में रविवार को तेज हवा चल सकती है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम का मिजाज बदल चुका है। हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड की वर्षा ने यूपी के मौसम पर भी अपना असर छोड़ा है।

**यूपी के इन जिलों में अलर्ट जारी:** मौसम विज्ञानी कैलाश पांडेय के अनुसार, अभी अगले दो दिन तक आसमान में छिटपुट बादल जमे रहेंगे। पश्चिमी यूपी में जोरदार बार?िश होगी। नोएडा, मेरठ, गाजर?ियाबाद व आसपास के जर?िलों में गरज-चमक के साथ तेज बार?िश हुई। साथ ही ओले गर?िरने से ठंड बढ़ गई है। मौसम विज्ञानी ने बताया कि अफगानिस्तान व पाकिस्तान के ऊपर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है। वह तिब्बत की ओर बढ़ रहा है। इस क्रम में हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड के पहाड़ों पर वर्षा और बर्फबारी का सिलसिला शुरू हो गया है। दोपहर बाद चलने वाली पछुआ हवा पहाड़ों पर बने बादलों को पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश तक पहुंचा रही हैं। इससे नमी भी बढ़ जा रही है।

**चार व पांच को भारी वर्षा व हिमपात की संभावना:** प्रदेश में तीन मार्च से फिर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। ऐसे में सोमवार को हल्की वर्षा व हिमपात की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। चार व पांच मार्च को भारी हिमपात व वर्षा की चेतावनी दी गई है। तीन दिन से हो रही वर्षा व हिमपात के बाद शनिवार को धूप खिली। वहीं मंडी जिले के सराज में ओलावृष्टि व मंडी शहर व शिमला में हल्की बूंदाबांदी हुई। प्रदेश में चार राष्ट्रीय राजमार्ग के अलावा 480 सड़कें अभी तक बंद हैं। 2001 ट्रांसफार्मरों के खराब होने के कारण बिजली आपूर्ति बाधित है।

**इस बार के मानसून में होगी अच्छी बारिश:** भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी खबर है कि ला-नीना का असर सिर्फ गर्मी पर ही नहीं, बल्कि बारिश के मौसम पर भी पड़ने जा रहा है। मानसून के आगमन की अनुमानित तिथि से तीन महीने पहले मौसम विज्ञानियों का पूर्वानुमान है कि इस बार अच्छी वर्षा हो सकती है।

**ला-नीना धीरे-धीरे कमजोर पड़ता जाएगा:** ऐसा अनुमान ला-नीना की स्थितियों के चलते लगाया जा रहा है। हालांकि समय के साथ ला-नीना धीरे-धीरे कमजोर पड़ता जाएगा और बहुत संभव है कि मानसून के आने से पहले यह निष्पक्ष (न्यूट्रल) हो जाए, लेकिन मौसम विज्ञानियों का मानना है कि जून से सितंबर के बीच प्रशांत महासागर में अलनीनो की स्थिति बनने के आसार नहीं हैं। यदि थोड़ा-बहुत बनेगा भी तो सितंबर के बाद बन सकता है।

## भाजपा बना सकती है पहली महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष; रेस में दग्गुबाती पुरंदेश्वरी आगे

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
भारतीय जनता पार्टी मार्च के मध्य तक अपने नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा करने वाली है। यह निर्णय पार्टी के संगठनात्मक चुनावों के बाद लिया जाएगा। भगवा पार्टी फिलहाल 13 से अधिक राज्यों में संगठनात्मक चुनाव में व्यस्त है। पार्टी के सूत्रों के अनुसार, पार्टी के नए अध्यक्ष का चुनाव आंतरिक सहमति से किया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि भाजपा के इतिहास में पहली बार किसी महिला को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने की संभावना है। इस बात की भी चर्चा है कि भाजपा दक्षिण भारत से किसी को यह जिम्मेदारी दे सकती है।

भाजपा अगर किसी महिला को राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए चुनती है तो महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष और कोयंबटूर विधायक वनथी श्रीनिवासन या आंध्र प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दग्गुबाती पुरंदेश्वरी इस पद के लिए सबसे संभावित उम्मीदवार मानी जा रही हैं। दग्गुबाती पुरंदेश्वरी की दावेदारी इस पद के लिए सबसे अधिक है। 66 साल की पुरंदेश्वरी ने 2014 में कांग्रेस छोड़कर बीजेपी जॉइन की थी और संगठनात्मक मामलों में उनका महत्वपूर्ण अनुभव है। वर्तमान में वह आंध्र प्रदेश में बीजेपी की अध्यक्ष हैं



और एक तेज-तर्रार महिला नेता के रूप में जानी जाती हैं। पुरंदेश्वरी को दक्षिण की सुषमा स्वराज के नाम से भी जाना जाता है।

उनकी शानदार भाषण क्षमता और पांच भाषाओं में प्रवीणता के कारण उन्हें बीजेपी के समर्थकों में व्यापक स्वीकृति प्राप्त है। वहीं, वनथी श्रीनिवासन पार्टी के रणनीतिकार और गृह मंत्री अमित शाह द्वारा हाल ही में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होते देखा गया था। एक वरिष्ठ बीजेपी नेता ने बताया, ÷वह अपनी मोर्चा के तहत कई सफल कार्यक्रम आयोजन के लिए जानी जाती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा अमित शाह द्वारा उन पर भरोसा किया जाता है। सूत्रों ने यह भी संकेत दिया कि पार्टी के नए अध्यक्ष का चयन 50-70 वर्ष के आयु वर्ग में होगा।

## ..तो आपको दिल्ली छोड़कर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी; बाबा की लाडो कार्यक्रम में बोलीं सीएम रेखा गुप्ता

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में शनिवार रात को चतुर्थ श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव का आयोजन किया गया। बाबा की लाडो संस्था द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी पहुंचीं। यहां लोगों को संबोधित करते हुए सीएम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकसित दिल्ली का सपना पूरा करने के लिए लोगों से सहयोग देने की अपील की, साथ ही कहा कि अगर बाबा के चरणों में बैठकर इस बारे में आपने दिल्ली को साफ और स्वच्छ बनाने के लिए अपने हिस्से की जम्मेदारी उठाने का प्रण ले लिया तो आपको दिल्ली छोड़कर कहीं नहीं जाना पड़ेगा, आपको गुड़गांव और एनसीआर की हवा यहीं मिल जाएगी।

कार्यक्रम में सीएम गुप्ता ने कहा, एक और अर्जी आज आप सबके सामने बाबा के चरणों में लगा रही हूं और आप सबका आशीर्वाद चाह रही हूं, कि आप सबका आशीर्वाद मिले और आदरणीय मोदीजी के विकसित दिल्ली के सपने को हम सब मिलकर पूरा कर सकें। मैं जहां जा रही हैं केवल एक ही बात कह रही हूं, केवल सरकारों के और केवल मेरे करने से नहीं होगा, सबको जुड़ना पड़ेगा। दिल्ली को सफल करना है, दिल्ली को विकसित करना है, तो हम सबको जुड़ना पड़ेगा और एक-एक काम अपने जिम्मे लेने पड़ेंगे।



आगे उन्होंने कहा कि 'आप सबको ये सोचना होगा कि मेरे कारण से मेरा शहर, मेरी दिल्ली गंदी ना हो, दूषित ना हो। यदि बाबा के चरणों में बैठकर आज आपने इस छोटे से काम का संकल्प ले लिया, कि भई मैं तो सड़क पर कूड़ा नहीं फेकूंगी, मैं तो गाय को रोटी सड़क पर नहीं डालूंगी, देना होगी तो गौशाला में दूंगी नहीं तो गौशाला की गाड़ी में दूंगी, मेरे कारण से मेरी दिल्ली गंदी नहीं होगी, ये मेरा प्रण है।'

इसके बाद उन्होंने कहा, यदि बाबा के चरणों में आपने यह प्रण ले लिया, तो मैं आपको वादा करती हूं, कि आपको वो दिल्ली मिलेगी जहां आप रहना चाहोगे, आपको दिल्ली छोड़कर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, गुड़गांव-एनसीआर में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आपको दिल्ली में ही रहते हुए अच्छा लगेगा, आप सबने जो आशीर्वाद मुझे दिया, बाबा की जो कृपा मुझ पर हुई, दिल की गहराईयों से बाबा का बहुत-बहुत धन्यवाद।

इस बारे में सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने लिखा, 'दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित ÷बाबा की लाडो÷ कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण मिला। आस्था के इस दिव्य आयोजन से हम सभी को भक्ति की शक्ति को महसूस करने का अवसर मिला। जय श्री श्याम! बाबा की लाडो÷ कार्यक्रम में श्रद्धालुओं के साथ सम्मिलित होने का अवसर मिला। वहाँ उपस्थित दिल्ली के अपने परिवारजनों से मिलकर अपार खुशी हुई। आध्यात्मिकता की जो अनुभूति हुई, वह अविस्मरणीय है।

कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा, मैं तो विधायक कह रही थी कि विधायक की जिम्मेदारी दो, फिर बाबा ने कहा कि मुझे विधायक की जिम्मेदारी दो, बाबा ने कहा कि देख बात सुन, खाली शालीमार बाग की ड्यूटी नहीं लगाऊंगा, लगाऊंगा तो पूरी दिल्ली, लेनी हो तो बता। और उन्होंने मुख्यमंत्री के रूप में आदरणीय नरेंद्र मोदीजी के माध्यम से मुझे जिम्मेदारी दे दी। तो मैं बाबा के चरणों में आज आप सबके समक्ष यही प्रार्थना करती हूं कि बाबा जिम्मेदारी दी है तो शक्ति भी आप ही देना कि इस जम्मेदारी को निभा सकूं। क्योंकि पूरी दिल्ली की और मेरे दिल्लीवासियों की बहुत उम्मीदें हैं मुझसे।

## प्रदेश के लाखों अन्नदाताओ को आत्मनिर्भर बनाने में जुटी डॉ मोहन यादव सरकार - श्रवणसिंह चावड़ा

### किसानों को 5 रुपये में बिजली का स्थायी कनेक्शन का निर्णय सराहनीय, जताया आभार

इंदौर। भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा भोपाल में आयोजित किसान आभार सम्मेलन में प्रदेश के अन्नदाताओं को बिजली का स्थायी कनेक्शन 5 रुपये में देने के निर्णय को सराहनीय बताते हुए मुख्यमंत्री डॉ यादव को प्रदेश के किसानों की और से धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब कॉंग्रेस की सरकार थी, तब किसान बिजली आने का रास्ता देखते थे हमारी सरकार ने किसानों को 24 घंटे बिजली देने का काम कर रही हैं।



भाजपा जो संकल्प लेती है उन्हें पूरा करती है। अन्नदाताओ को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिया है, मोदी जी कहते हैं है देश को अगर स्मार्ट बनाना है तो पहले स्मार्ट विलेज बनाना होंगे, स्मार्ट विलेज के लिए किसानों को आत्मनिर्भर बनाना होगा। उसी का अनुशरण करते हुए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण निर्णय है। साथ ही धान का समर्थन मूल्य 4000 और गेहूं का समर्थन मूल्य 2600 रुपये करने के निर्णय से गांव, गरीब, किसानों की समृद्धि सुनिश्चित है। चावड़ा ने किसानों के हित में लिए गए निर्णय को सराहनीय बताते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है।